प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आज लखनऊ में तीन दिवसीय कार्यक्रम का किया उद्घाटन : कहा– प्रयागराज का महाकुम्भ देख पूरी दुनिया आश्चर्यचकित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए जनसभा को किया संबोधित : कहा– अयोध्या की तरह करेंगे मिल्कीपुर का विकास।
3. कन्द्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज पहुंचे प्रयागराज : कहा– महाकुंभ दे रहा है समानता का संदेश। और
4. काशी तमिल संगमम के तीसरे चरण की तैयारियों को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अपर सचिव ने आज वाराणसी में की बैठक : सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाएं पूरी करने के दिये निर्देश।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आज लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने विश्व में जो उल्लेखनीय प्रगति की है। उसमें उत्तर प्रदश की विशेष

भूमिका है। उन्होंने कहा कि एक समय प्रदेश बीमारु राज्य था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। प्रदेश ने ईज आफ बिजनेस में लंबी छलांग लगाई है। बाइट......

*आपके प्रदेश की प्रगति की जब आकलन करते है आपका प्रदेश इज ऑफ बिजनेस जो कि आवश्यक है कोई भी निवेश नहीं करेगा जब उसको सरलता नहीं दिखेगी उसको हर जगह भ्रष्टाचार दिखेगा, उसको इनफिशियल्टी दिखेगी उसको रेक्टटैपिजम दिखेगा वह नहीं आयेगा आपने लम्बी छलांग लगाई है 19वं स्थान से दूसरे स्थान पर आये हैं।*

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ पर दुनिया का ध्यान है। दुनिया की संस्थाएं महाकुंभ के इतने बड़े आयोजन के प्रबंधन का अध्ययन कर रही हैं। बाइट......

*144 वर्ष से ज्यादा के बाद प्रयागराज में जो महाकुंभ हो रहा है पूरा विश्व आश्चर्य चकित है। पूरी दुनिया का ध्यान है आंकलन के हिसाब से 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की सहभागिता ने विश्व को भारतीय प्रबंधन कौशल का परिचय दिया है। मुझे व्यक्तिगत ज्ञान है कि विश्व की कई संस्थाएं इसका अध्ययन कर रही है कि यह इतना बड़ा आयोजन हो कैसे रहा है।*

इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विकास के क्षेत्र में राज्य देश में अग्रणी हो चुका है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश विरासत का संरक्षण करते हुए निवेश का बेहतरीन गंतव्य बन चुका है। बाइट......

*मुझे बताते हुए गौरव की अनुभूति हो रही है कि पिछले 8 वर्ष के अन्दर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्ग दर्शन और नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने अपनी विरासत का संरक्षण करते हुए अपनी अध्यात्मिक विरासत को आगे बएाते हुए देश के अंदर टूरिजम के सबसे बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में अपने आप को स्थापित किया है। कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर करते हुए निवेश के एक बेहतरीन गंतव्य के रूप में अपने आपको स्थापित किया।*

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के ई–पोर्टल की लॉन्चिंग की गई। साथ ही प्रदेश के छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा, बहराइच के डॉ जय सिंह, बुलंदशहर की कृष्णा यादव और कर्नल सुभाष देशवाल को प्रदान किया गया।

————————

24 जनवरी को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के शीर्ष नेताओं ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक विकास पर अग्रसर होने के साथ सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं कीं। वहीं आज प्रदेशभर में यूपी स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश के कई जिलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में 5 फरवरी को होने वाले मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। श्री योगी ने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में भी रिकॉर्ड तोड़ना है। मिल्कीपुर को भी अयोध्या की तरह विकास की बुलंदियों पर पहुंचाना है। बाइट......

*हम अयोध्या को मिल्कीपुर को हम मिल्कीपुर के ही किसी सबूत को उनके बीज देकर के वहां के विधायक बनकर के वहां के विकास को ऐसे ही आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मिल्कीपुर को भी अयोध्या की तर्ज पर विकास की उपलब्धियों को आगे पहुंचाना है।*

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रयागराज में सनातन के महापर्व महाकुम्भ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी

है। आज  शाम 6 बजे तक लगभग 56 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया।

वहीं केन्द्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ में चल रही श्रीराम कथा में हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री मेघवाल ने कहा कि 24 जनवरी, 1950 को इस देश की संविधान सभा ने हमारे राष्ट्र ध्वज को स्वीकार किया था। इसलिये आज का दिन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगम तट समानता का संदेश दे रहा है। बाइट.....

*संगम और तट उसमें इक्यूवलिटी की भावना नजर आ रही है। प्रैटिकली सब नजर ाआ रहा है यही संदेश संविधान में है कि समानता बढ़ाओ एकता बएाओ एक सुर रहे भारत को अखंड रखो ये संदेश दी तो यहां महाकुंभ में दिया जा रहा है।*

———————

प्रयागराज महाकुंभ में 29 जनवरी को पड़ने वाले मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मद्देनजर रेलवे श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। देश के कोने कोने से आने वालें श्रद्धाल,ओं के लिए रेलवे 200 अतिरिक्त रैक की व्यवस्था कर रहा है। आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया जा सकता है। प्रयागराज रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी ने बताया कि मौनी अमावस्या को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाइट......

*अब हमारे लिये क्योंकि मौनी अमावस्या का समय है। ये पीक ऊंची भी होगी और लम्बी भी होगी तो हमें अभी जो तैयारी है बिल्कुल फुल थ्राटल पे*

*दो दिन के लिये रखनी हैएक तो यह चीज है दूसरी चीज यह है कि हमें ज्यादा तैयारी करनी है तो उसके लिये हमें 25 एक्सट्रा रैक जो हमारे पास पूरे क्षेत्र में लगभग 2 दो रैक हो चुके है जिनसे हम लोग स्पेशल ट्रेन का संचालन कर सकते हैं। उसी के हिसाब से सारे क्रू सारे लोको मोटर्स सब चीजों की व्यवस्था कर ली गई है।*

————————

वाराणसी में आज केंद्र सरकार में अपर सचिव शिक्षा सुनील कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में 15 फरवरी से 24 फरवरी तक चलने वाले काशी तमिल संगमम के तीसरे चरण की तैयारियों के लिए बैठक की गयी, जिसमें जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने काशी–तमिल संगमम एक और दो के दौरान की गयी तैयारियों और विभिन्न आयोजनों की जानकारी सचिव को दी। वहीं अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा ने आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में सचिव ने पूरे आयोजन के दौरान अतिथियों की सुरक्षा, चिकित्सकीय व्यवस्था और हाइजीन के उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया है।

————————

केंद्र सरकार ने प्रदेश समेत देश भर के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों और खेल पुरस्कार विजेताओं को नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया है। लखनऊ के रहने वाले इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चीफ कोच मुनव्वर अंजार और सहायक कोच आयशा मुनव्वर को

गणतंत्र दिवस समारोह में भारत सरकार की ओर से अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। आकाशवाणी समाचार से चीफ कोच मुनव्वर अंजार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को बहुत बढ़ावा दे रहे हैं। बाइट......

*ये मेरे लिये बड़ा फर्क का मोका है कि आप जिस देश में रहते है वहां के देश के गणतंत्र दिवस पे और देश की राजधानी में आपको प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के साथ आपको सम्मान दिया जा रहा है, बुलाया जा रहा है मैं बहुत ही आभारी हू अपनी भारतीय गर्वमेंट का खासतोर पर मोदी जी का जिनकी सोच युवाओं को खेलों और किसी भी फील्ड में जो लोग कार्य कर रहे है उनको बढ़ावा देने का उनको बुलाने का।*

प्रदेश के पीलीभीत के माधोटांडा निवासी गोमती सेवक योगेश्वरसिंह उर्फ राममूर्ति को भी आमंत्रित किया गया है।

वहीं हापुड़ के रहने वाले प्रगतिशील किसान हर्षवर्धन त्यागी और उनकी पत्नी मीनू को गणतंत्र दिवस पर परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है।

(समाप्त)